## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेलर की चपेट में आये बाईक सवार,एक की मौत

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले तालदेवरी गांव के बस स्टेशन के पास 18 चक्का ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ पेंड्री के रहने वाले शंकर यादव (19 वर्ष) और रवि शंकर (27वर्ष) एक ही बाइक पर सवार होकर ग्राम करही अपने काम पर जा रहे थे। दोनों मजदूरी करते थे। दोनों तालदेवरी बस स्टैंड के पास पहुंचे थे इसी दौरानसामने से आ रही ट्रेलर से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे के बाद सामने से आ रहे 18 चक्का ट्रेलर ने भी बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में युवक शंकर यादव ट्रेलर के चक्के के नीचे आकर कुचल गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं रवि शंकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को ट्रेलर से निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए बम्हनीडीह अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अय्यप्पा मंदिर में निकला नाग, रेस्क्यू टीम ने जंगल में छोड़ा

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल सुभाष ब्लॉक स्थित अय्यप्पा मंदिर में उस वक्त हडक़ंप मच गया जब मंदिर परिसर में 1 जहरीला नाग फन फैलाए बैठा हुआ था तब वहां के पुजारी शिवा राज जी ने आरसीआरएस स्नेक रेस्क्यू टीम के प्रमुख सर्प मित्र अविनाश यादव जी को कॉल करके इसकी सूचना दी। अविनाश यादव ने देरी न करते हुऐ अपनी संस्था आरसीआरएस के सदस्य उमेश यादव और अतुल को सूचना दी। सर्प मित्रों ने बताया कि इसे हिन्दी में नाग, गेहुअन कहा जाता हैं और इस सांप में न्यूरोटॉक्सिक नाम का जहर पाया जाता हैं जो कि बहुत खतरनाक होता है। सर्प मित्रों द्वारा रेस्क्यू करके सांप को जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया। सर्प मित्रों ने बताया कि यह सांप अक्सर भोजन की तलाश में हमारे आसपास के घरों में घुस जाता हैं। इनका पसंदीदा भोजन चूहे मेंढक होते हैं। कृप्या इन बेजुबानों को मारे नहीं और सर्पदंश का शिकार होने पर झाड़ फूंक के चक्कर में बिल्कुल न पड़े और तत्काल पास के जिला चिकित्सालय अस्पताल में जावे। हेल्पलाइन नंबर:- 9827917848, 6261483416, 957 में संपर्क करे।

### ट्रेलर के चपेट में आकर एक्टिवा चकनाचूर, मां-बेटे बाल-बाल बचे

**कोरबा (आरएनएस)।** तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चालन करते हुए एक ट्रेलर चालक ने एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में जहां वाहन चकनाचूर हो गया वहीं उसमें सवार मां-बेटे बाल-बाल बच गए। कोयला परिवहन में लगे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीजे 0824 के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर दीपका थाना के सामने होटल-ढाबे के पीछे से गुजरी हरदीबाजार मार्ग में सुबह करीब 7 बजे एक एक्टिवा सवार महिला और उसके बेटे को चपेट में ले लिया। हादसे में जहां एक्टिवा पूरी तरह चकनाचूर हो गई, वहीं दैवयोग से महिला और उसका पुत्र इस हादसे में बाल-बाल बच गए। जिस तरह से ट्रेलर के पहिए में एक्टिवा फंस गया, उससे हादसे की भयावहता का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि जरा सी भी चूक होती तो महिला व उसका बेटा का क्या होता। स्थानीय लोगों ने बताया कि आए दिन दीपका थाना के सामने हरदीबाजार मार्ग में दुर्घटनाएं होती रहती है और जाम लगा रहता है। जाम से ट्रकों के चालक तो परेशान होते ही हैं, आम जनता को अपने दफ्तर-दुकान, कामकाज के सिलसिले में जाने-आने, स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचने में काफी दिक्कतें जाम के कारण होती है। यहां सडक़ के किनारे दोपहिया वाहनों के आवागमन के लिए डिवाइडर बनाया जा रहा है, लेकिन गुणवत्ताहीन होने के कारण थोड़ी सी ठोकर लगने से ही टूट जा रहे हैं।

# आईपीएल क्रिकेट सट्टा पर चक्रधरनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 2 खाईवाल समेत 9 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से लैपटॉप, टीवी, 9 मोबाइल, नगद रकम, लाखों की सट्टा पट्टी विवरण समेत सट्टे के रुपए से खरीदें गए दो लग्जरी कारें जब्त



**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर थाना चक्रधरनगर टीआई प्रशांत राव आहेर के नेतृत्व में चक्रधरनगर की टीम द्वारा कल रात योजनाबद्ध तरीके से चंद्रा पैराडाइज अपार्टमेंट के छठे माले पर रेड कार्यवाही कर एक खाईवाल समेत आठ आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर सट्टा के लिंक को जोड़ते हुए आज सट्टा रैकेट के मुखिया खाईवाल अमन नथानी निवासी गंज पीछे खरसिया को धर दबोचा गया। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपियों से नगद रकम रु.13650, मोबाइल पर मिले रु.87200 तथा क्रिकेट सट्टा खिलाने में प्रयुक्त लैपटॉप, टीवी, मोबाइल, जिओ वाईफाई, एटीएम, आधार कार्ड तथा सट्टा हिसाब किताब का रजिस्टर वगैरह जप्त कर आरोपियों पर अजमानतीय छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 7 और धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

आईपीएल क्रिकेट के प्रारंभ होने से सट्टोरियों की सक्रियता के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा थाना, चौकी प्रभारियों को मुखबिर लगाकर क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में थाना प्रभारी प्रशांत आहेर द्वारा मुखबिरों के साथ अपने स्टाफ को सट्टा खिलाने वालों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया है कि कल शाम थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि चंद्रा पैराडाइज अपार्टमेंट के छठे माले पर कुछ लोग इकट्ठे होकर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच- मुंबई इंडियन vs पंजाब किंग्स के मैच में टॉस से लेकर, हर सैशन, प्रति बॉल, ओवर, हर विकेट और हर चौके छक्के पर रुपयों के दांव लगाने वालों से मोबाइल पर दांव (रुपये) नोट किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर सट्टा रेड के लिए टीम गठित किए और पूरी तैयारी के साथ अपार्टमेंट की घेराबंदी कर रेड कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जहां 8 आरोपी ऑनलाइन सट्टा लेते पकड़े गए पुलिस ने मौके से लैपटॉप, मोबाइल, TV, वगैरह की जब्ती किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि खाईवाल राम लालवानी और अमन नथानी सट्टे से जुड़े हुए हैं। इन्ही के द्वारा चंद्रा अपार्टमेंट में सट्टा खिलाने की व्यवस्था कर सट्टा खिलाया जा रहा था। पुलिस की एक टीम ने आज आरोपी अमन नथानी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिससे पूछताछ कर पूरा ब्यौरा लिया गया। खाईवालों से सट्टा के मुनाफे से खरीदी गई एक किया कार और एक टाटा पंच कार बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों पर धारा 4 (क) सार्वजनिक द्युत अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सट्टा रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, प्रधान आरक्षक सतीशपाठक, लोमश सिंह राजपूत, आरक्षक चूडामणी गुप्ता, सुशील यादव और महिला आरक्षक अनिता बेक शामिल थे।

**गिरफ्तार आरोपी-** 1- अमन नथानी पिता मनोज नथानी उम्र 27 साल निवासी गंज पीछे सिंधी कालोनी खरसिया जिला रायगढ़ (खाईवाल)

2-राम लालवानी S/o नरेश लालवानी उम्र 25 वर्ष रेल्वे स्टेशन रोड बंधवापारा शंकर मंदिर के पास बिलासपुर छत्तीसगढ़ तोरवा (खाईवाल)

3 -नवरतन साहु S/o ललिता साहु उम्र 19 वर्ष तेलीकोट औरदा रोड रायगढ़ छत्तीसगढ़ खरसिया

4- खेम सागर सारथी S/o गोरे लाल सारथी उम्र 21 वर्ष ठाकुरदिया मण्डीगेट के पास रायगढ़ छत्तीसगढ़ खरसिया

5- आनंद शर्मा S/o गिरधारी शर्मा उम्र 19 वर्ष वार्ड नं0 07 सदर बाजार चाम्पा जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ चाम्पा

6- कमल जांगडे S/o घनश्याम जांगडे उम्र 19 वर्ष गंज पीछे खरसिया रायगढ़ छत्तीसगढ़ खरसिया

7- विकास अमलेश S/o रोत्तम दास उम 23 वर्ष अमलेश हाई स्कुल के पास बेलगहना बिलासपुर छत्तीसगढ़ कोटा

8- भोला राम निषाद S/o ननकू राम निषाद उम्र 24 वर्ष वार्ड नं0 04 चकरभांटा कांकेर छत्तीसगढ़ चारामा

9- विशाल कुमार सोनी S/o विजय सिंह सोनी उम्र 22 वर्ष न्यू पोस्ट आफिस के पास वार्ड नं0 11 खरसिया रायगढ़ छत्तीसगढ़ खरसिया

## चाकू मारकर ऑटो चालक की हत्या, पुरानी रंजिश को लेकर वारदात को दिया अंजाम



**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में शुक्रवार की रात एक ऑटो चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. हत्या का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है. मृतक योगेश नेताम ऑटो चालक था और उसका मोहल्ले के कुछ युवकों से रंजिश थी. पहले भी इन दोनों के बीच मारपीट हो चुकी थी, लेकिन शुक्रवार की रात 9 बजे फिर से दोनों पक्षो के बीच विवाद हुआ और 10-15 युवकों ने योगेश पर हथियार से हमला कर दिया. योगेश नेताम को फौरन स्थानीय अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी जान नही बचाई जा सकी।

शहर के मकेश्वर वार्ड ऑडिटोरियम के पीछे रहने वाला युवक योगेश नेताम का किसी बात को लेकर किसी कुख्यात बदमाश के साथ विवाद हो गया. महिमा सागर वार्ड स्थित मैला गड्ढा शराब दुकान के पास हुए विवाद के बाद यह बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उनमें हाथापाई हो गई. इसके बाद किसी तरह युवक योगेश नेताम वहां से निकल गया. उसके पीछे युवकों की टोली पीछा करते हुए आ गई और कारगिल उद्यान के पास योगेश को घेर लिया. इसके बाद युवकों ने अपने पास रखे धारदार हथियार बटंची चाकू आदि से उस पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिया. हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

लोगों की मदद से तत्काल उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बठेना अस्पताल रेफर कर दिया गया. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है. फिलहाल पुलिस आरोपियों की पता तलाश कर रही है।

## पेट्रोलिंग दौरान पुलिस को ट्रेलर हार्स में लगा मिला अलग नंबर की ट्राली

- कोतरारोड पुलिस ने धोखाधड़ी के अपराध में ट्रेलर ड्राइवर को गिरफ्तार कर जब्त की ट्रेलर वाहन
- अलग-अलग नंबर की ट्राली के साथ वाहन चलाने वालों पर कोतरारोड पुलिस की तीसरी कार्यवाही



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा अलग नंबर की ट्रेलर ट्राली के साथ ट्रेलर वाहन चलाते ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। ट्रेलर वाहन का ड्राइवर और कोल डिपो का सुपरवाइजर मिलीभगत कर राजस्व बचाने के साथ ट्रांसपोटिंग में अलग से मुनाफा कमाने इस प्रकार से धोखाधड़ी किया जा रहा था। गिरफ्तार ड्राइवर को धोखाधड़ी और कुटरचना के अपराध में कोतरारोड़ पुलिस ने जुडिशल रिमांड पर भेजा है, विदित हो कि इस प्रकार धोखाधड़ी करने वालों पर विगत 2 माह के भीतर कोतरारोड़ पुलिस की यह तीसरी कार्यवाही है।

जानकारी के मुताबिक कोतरारोड़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि गोरखा चौक में एक टाटा ट्रेलर माडल 4018 क्रमांक CG 13 AB 8710 जिसके ट्राली के पीछे टेल बोर्ड एवं दाहिना बांया साईड में CG 13 AB 9847 लिखा हुआ है जिसे कालिख से पोता गया है और ट्राली के पीछे नंबर प्लेट भी नहीं लगा है। सूचना पर तत्काल एएसआई राजेन्द्र राठौर हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मुखबिर सूचना सही पायी गई, मौके पर उपस्थित वाहन चालक अकाश उर्फ आकाश चंद्रवंशी से पूछताछ करने पर कोई समाधान कारक जवाब नहीं दे पाया और शाह कोल एसीपीएल का सुपरवाईजर रवि तिवारी के साथ मिलकर टाटा ट्रेलर माडल 4018 क्रमांक CG 13 AB 8710 में दूसरी ट्रेलर ट्रोली को असली के रूप में उपयोग में लाना बताया। आरोपियों द्वारा छल के प्रयोजन से कपट पूर्वक कूट रचना कारित करना पाये जाने से आरोपी ट्रेलर ड्रायवर और सुपरवाइजर के विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में धारा 420,468,471, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी ड्रायवर- आकाश उर्फ आकाश चंद्रवंशी उम्र 22 वर्ष निवासी रुद्र पोस्ट ऑफिस नोडिहा खुजरी थाना छतरपुर रूड जिला पलामू (झारखंड) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी शाह कोल एसीपीएल का सुपरवाईजर रवि तिवारी फरार है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा, डीएसपी निकिता तिवारी के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर कोतरारोड़ पुलिस की कार्यवाही से इस प्रकार अवैधानिक कृत्य में लगे व्यक्तियों में खौफ है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद राठौर, आरक्षक राकेश नायक और मनोज जोल्हे की अहम भूमिका रही है।

## नटवर स्कूल में हुआ दूसरे ज्ञान मॉक टेस्ट का आयोजन, 267 विद्यार्थी हुए शामिल

- जिला प्रशासन की विशेष पहल, जिले के युवाओं को मिलेगी निशुल्क कोचिंग और मार्गदर्शन
- ज्ञान मॉक टेस्ट द्वारा उच्चतम प्राप्तांकों के आधार पर 100 प्रतियोगी बच्चों को मिलेगी निशुल्क कोचिंग
- 25 अप्रैल तक दावा-आपत्ति आमंत्रित



**रायगढ़।** जिले के युवाओं में लगन और प्रतिभा को देखते हुए उन्हें उचित अवसर और एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन पर पीएससी, आईएएस एवं व्यापम परीक्षा की तैयारी हेतु नि:शुल्क कोचिंग प्रारंभ की जा रही है। जिसके लिए आज पूर्वान्ह 11 बजे नटवर स्कूल रायगढ़ में दूसरे मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि आज हुए मॉक टेस्ट में कुल 267 विद्यार्थी शामिल हुए। 100 नंबर का पेपर था, जिसमें कुल 50 प्रश्न पूछे गये थे। टेस्ट एक घंटे तक चला। विगत दिवस 16 अप्रैल को भी मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया था। इस तरह दोनों मॉक टेस्ट में प्राप्त उच्चतम अंकों के आधार पर 100 प्रतियोगी बच्चों का चयन मेरिट अंको के आधार पर किया जायेगा। चयनित छात्रों को जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। मॉक टेस्ट में सीजी पीएससी एवं व्यापम परीक्षा के सिलेबस से प्रश्न पूछे गये थे। माक टेस्ट का मॉडल आंसर जिले की वेबसाईट www. raigarh.gov.in पर अपलोड की गई है। इस संबंध में किसी भी परीक्षार्थी को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे 25 अप्रैल 2023 शाम 5 बजे तक जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, कलेक्टर कार्यालय परिसर, रायगढ़ में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस दौरान डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, एपीसी भुनेश्वर पटेल एवं भूपेन्द्र पटेल, संस्था प्राचार्य रूबी वर्गीस एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

**ये है मॉडल ऑसर-** (1)लोहा, (2) बाणभट्ट, (3)आगरा दिल्ली पर अधिकार करने के उपलक्ष्य में, (4) आठ तेलुगू कवि, (5) तात्या टोपे, (6)जवाहर लाल नेहरु, (7) किचलु और सत्यपाल के बंदी बनाये जाने के विरोध में प्रदर्शन करने के लिए, (8) प्रान्तों में दोहरा शासन, (9)आयरलैंड, (10)जूनागढ़, हैदराबाद एवं जम्मू-कश्मीर, (11)अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार, (12)1,2,3, (13) कथन 1 और 2, (14) दादा भाई नौरोजी, (15) वित्त मंत्रालय, (16)जेम्स विल्सन (17) LIGHT AMPLIFICATION BY STIMULATED EMISSION OF RADIATION,(18)एलुमिनियम, (19) साइटोकाईनिन, (20)एंड्रीनेलिन, (21) सभी सही हैं, (22)एस.चन्द्रशेखर, (23) ओमान की खाड़ी, (24)मणिपुर, असम, (25) 3,167, (26) 1, 2 एवं 3 सही है, (27)जगदलपुर, (28) बलरामपुर, (29)1 मई, (30)श्री मोहन शुक्ल, (31) केवल 1, (32)बघेलखण्ड पठार, (33) छत्तीसगढ़ में मानसून बंगाल की खाड़ी से आता है, (34) खैरागढ़, (35)मनियारी, (36)मलाजकुंडम जलप्रपात, (37)केलो सिंचाई परियोजना, (38)खुरसेल घाटी, (39)बारनवापारा अभ्यारण्य, (40)मिनीमाता जल विद्युत परियोजना, (41)दुर्ग, (42)कान, (43) रायगढ़, (44)कल्याणसाय, (45)ठाकुर प्यारेलाल सिंह, (46) राजा ललित सिंह, (47)मुनगा, (48)छिपकली, (49)सभी सत्य हैं एवं (50)केवल 1 और 2 है।

## महुआ शराब बेचने वाले को छाल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

- आरोपी से बरामद हुआ था 10 लीटर महुआ शराब



**रायगढ़।** दिनांक 23.042023 को थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया को अवैध शराब पर कार्यवाही के लिये लगाये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम कुकरीचोली निवासी अर्जुन डनसेना अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने के लिये घर पर रखा है। सूचना पर कार्यवाही के लिये थाना प्रभारी द्वारा प्रधान आरक्षक ईश्वर उरांव व आरक्षकगण को हमराह लेकर संदेही अर्जुन डनसेना उसके घर के सामने मिला जिससे महुआ शराब के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर अवैध रूप से शराब बेचना स्वीकार कर अपने घर के अंदर से 2 प्लास्टिक जरकीन में भरी कुल 10 लीटर महुआ शराब निकाल कर आंगन में पेश किया जिसे विधिवत जप्ती किया गया। आरोपी अर्जुन डनसेना पिता अमीलाल डनसेना उम्र 37 वर्ष साकिन कुकरीचोली थाना छाल जिला रायगढ़ (छ.ग.) के विरूद्ध अवैध रूप से शराब बिक्री किये जाने के पर्याप्त सबूत पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर गया है। शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया के साथ प्रधान आरक्षक ईश्वर उराव, हरेंद्र पाल जगत, गोविंद बनर्जी, सूरज साहू की अहम भूमिका रही है।

## बेरोजगारी भत्ता के लिए 23 दिनों में आवेदन एक लाख से पार

- अब तक 40 हजार से ज्यादा युवाओं को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत
- बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेकर युवा कर बेहतर भविष्य की तैयारी

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में 01 अप्रैल 2023 को बेरोजगारी भत्ता योजना का शुभारंभ किया। शासन की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ लेने के लिए युवाओं में काफी उत्साह दिख रहा है। योजना के तहत केवल 23 दिनों के भीतर ही 40 हजार से ज्यादा आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया गया है। योजना के तहत अब तक बेरोजगारी भत्ता के पोर्टल पर 1,00,002 आवेदन मिले है और इनमें से दस्तावेज सत्यापन के बाद 57,207 लोगों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत करने की अनुशंसा भी कर दी गई है।

मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के अनुरूप बेरोजगारी भत्ते की राशि 2,500 रूपए सीधे आवेदकों के बैंक खाते में डीबीटी द्वारा ट्रांसफर की जा रही है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के बेरोजगारों को प्रतिमाह 2,500 रूपए का भत्ता देने के साथ-साथ उन्हें कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना है।

उल्लेखनीय है कि बेरोजगारी भत्ता योजना के शुभारंभ के पहले ही दिन 1 अप्रैल को शाम 5 बजे की स्थिति में इस पोर्टल में 4269 पंजीयन प्राप्त हुए थे। युवाओं का कहना है कि राज्य शासन से हर माह मिलने वाली 2500 रूपए की मदद उनके केरियर बनाने की राह में आने वाली आर्थिक कठिनाईयों को हल करने में काफी मददगार होगी। योजना के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के हाथों बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति आदेश पाने वाले हितग्राही अत्यंत प्रसन्न नजर आ रहे थे, उन्होंने 1 अप्रैल को ही बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया था और उसी दिन उनका आवेदन स्वीकृत भी हो गया।

गौरतलब है कि पूर्व में संचालित बेरोजगारी भत्ता योजना की तुलना में वर्तमान में लागू योजना कहीं अधिक सफल है। वर्ष 2015 में बंद की गई बेरोजगारी भत्ता योजना में अधिकतम 22 हजार आवेदकों को ही बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया गया था, जबकि नई योजना के अंतर्गत पहले 23 दिनों में ही 40 हजार से ज्यादा आवेदकों का भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है।

**हर दिन, 24 घंटे खुला है बेरोजगारी भत्ता पोर्टल-** बेरोजगारी भत्ता योजना का पोर्टल 01 अप्रैल 2023 प्रातः से आवेदकों के लिए प्रारंभ हो चुका है। आवेदकों द्वारा इस पोर्टल पर पहले दिन से ही बड़ी संख्या में आवेदन किया जा रहा है। आवेदकों का कहना है कि पोर्टल द्वारा आवेदन करना बहुत ही आसान है, जिसमें वे आवश्यक समस्त दस्तावेजों को भी अपलोड कर रहे हैं, इस कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।

बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए आवेदन करने की कोई अंतिम तिथि निर्धारित नहीं है और ना ही पोर्टल के खुलने या बंद होने का समय तय किया गया है। पोर्टल समस्त दिनों के लिए 24 घंटे खुला है, आवेदक इस पोर्टल पर अपनी सुविधा अनुसार कभी भी आवेदन कर सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ में पांच दिनों तक आंधी-बारिश, 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में 22 से 26 अप्रैल के बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में आंधी-बारिश के आसार हैं. ज्यादातर हिस्सों में हल्की या मध्यम बारिश हो सकती है. हालांकि कुछ स्थानों पर 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है. इसके लिए सतर्क रहने के लिए कहा गया है, जिससे किसी भी तरह के नुकसान से बचा जा सके।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति विदर्भ से तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. प्रदेश में नमी युक्त हवाओं का आगमन लगातार जारी है. इन दोनों के प्रभाव से प्रदेश में 22 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना है. प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की भी संभावना है।

संभाग के अंतर्गत सरगुजा में 22 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर और 26 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर बारिश हो सकती है. इसी तरह जशपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है. सूरजपुर में 26 अप्रैल को भी हल्की बारिश का अनुमान है।

बिलासपुर संभाग के अंतर्गत बिलासपुर, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा और जांजगीर-चांपा में 22 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है. रायपुर संभाग के अंतर्गत रायपुर जिले में 22, 23, 24 और 25 अप्रैल को एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है. इसी तरह गरियाबंद और धमतरी में भी 22 से 25 अप्रैल तक एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. बलौदाबाजार में 22 अप्रैल और महासमुंद में 22 और 24 अप्रैल को बारिश का अनुमान है.

दुर्ग संभाग के अंतर्गत दुर्ग, राजनांदगांव और बालोद जिले में 22 से 25 अप्रैल तक एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है. बेमेतरा और कवर्धा में 22 से 24 अप्रैल तक एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है. बस्तर संभाग के अंतर्गत बस्तर, कोंडागांव, कांकेर और नारायणपुर जिले में 22 से 26 अप्रैल तक कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में 22 से 25 अप्रैल तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480